विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की तेरहवीं बैठक दिनांक 05.12.2016 की कार्यवृत्त

एजेण्डा बिन्दु–13(1) : परीक्षा समिति की बारहवीं बैठक दिनांक 12.05.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। (प/क पर संलग्न)

विनिश्यचः– समिति की तेरहवीं बैठक में बारहवीं बैठक दिनांक 12.05.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु –13(2) : विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर 2016 द्वितीय सप्ताह से प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारणी 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(3) : विश्वविद्यालय की दिसम्बर 2016 द्वितीय सप्ताह से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही विषम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(4) : विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उड़नदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(5) : दिसम्बर 2016 के द्वितीय सप्ताह से प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः तत्सम्बन्धी समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव **"परीक्षा समिति"** के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(6) : दिसम्बर, 2016 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(7) : दिसम्बर, 2016 की प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के तुरन्त बाद सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी। सम सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षाएं आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –13(8) : दिसम्बर, 2016 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्यचः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –13(9) : यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक सप्ताह में निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्यचः– समिति द्वारा यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक सप्ताह में निस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

अन्य बिन्दु में चर्चा की गयी कि परीक्षा के दौरान सप्ताह में दो बार परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं नोडल सेन्टर से एकत्रित कराकर उसकी विश्वविद्यालय में कोडिंग का कार्य प्रारम्भ कराया जाय तथा तीन केन्द्र उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाये जायें जिससे कि परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द निकाला जा सके।

इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी।

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य सचिव